ललितपुर में बनेगा फार्मा पार्क, 14 कंपनियों ने दिखाई दिलचस्पी

1472 एकड़ जमीन पर दो चरणों में बसेगा फार्मा पार्क | **24** कंपनियां निवेश करने को तैयार | **₹225** से ₹250 करोड़ का होगा निवेश | **40** एकड़ जमीन अब तक कंपनियों ने मांगी

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर

बुंदेलखंड क्षेत्र के ललितपुर जिले में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) फार्मा पार्क बनाएगा। 1,472.33 एकड़ में बनने वाले पार्क के पहले चरण में करीब 353 एकड़ जमीन विकसित की जाएगी। यूपीसीडा को पशुपालन विभाग से पूरी जमीन मिल चुकी है। इस महीने मांगी गई रुचि की अभिव्यक्ति (एलओआई) में अब 14 कंपनियों ने पार्क में दिलचस्पी दिखाई है। कंपनियों ने अथॉरिटी ने 90 एकड़ जमीन की मांग की है। इससे पहले भी कुछ कंपनियों ने 40 एकड़ जमीन लेने में दिलचस्पी दिखाई है।

रेल और एयर की है कनेक्टिविटी

ललितपुर को दवा उत्पादन का गढ़ बनाने के लिए यहां एक नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। ये औद्योगिक क्षेत्र मंडावरा और महरौनी तहसील के पांच गांवों में बसेगा। मेहरौनी तहसील के रामपुर गांव में 1,028.32 एकड़ जमीन पर पहला हिस्सा और दूसरा हिस्सा 444.01 एकड़ जमीन पर गरौली कलां, सैदपुर, लार्गन और करोंदा गांवों में है। कनेक्टिविटी इस साइट को खास बनाती है। रोड नंबर-35वी और 30वी इसे नैशनल हाइवे-44 से जोड़ती है। एनएच-44 दिल्ली-नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां से ललितपुर रेलवे स्टेशन 50 किमी और टीकमगढ़ स्टेशन 35 किमी दूर है। ललितपुर एयरस्ट्रिप से भी प्रस्तावित जमीन की सीधी कनेक्टिविटी है। प्रदेश सरकार झांसी में ही नया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाने की मंशा जाहिर कर चुकी है।



AI Image

कंपनियों ने मांगी जमीन

यूपीसीडा की तरफ से जारी किए गए एलओआई में 14 कंपनियों ने 90 एकड़ जमीन आवंटित करने की मांग की है। अक्टूबर-नवंबर में फार्मास्यूटिकल उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में 6 कंपनियों ने 40 एकड़ जमीन आवंटित करने की मांग रखी थी। अथॉरिटी के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने कहा कि करीब 24 कंपनियों ने सीईटीपी, कॉमन स्टीम जेनरेशन और वितरण नेटवर्क, सॉल्वेंट स्टोरेज, थोक दवा यूनिटों और संबद्ध उद्योगों के लिए निवेश करने में दिलसस्पी दिखाई है। प्रॉजेक्ट के पहले चरण में (थोक दवा, फॉर्मूलेशन और सेवा उद्योग) में ₹225-250 करोड़ और दोनों चरणों में करीब ₹2100 करोड़ का पूंजी निवेश शामिल होगा। इससे रोजगार के नए मौके भी पैदा होंगे।

“ 24 कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है। प्रॉजेक्ट के दोनों चरणों में करीब ₹2100 करोड़ का पूंजी निवेश शामिल होगा। इससे रोजगार के नए मौके भी पैदा होंगे।

-मयूर माहेश्वरी, सीईओ, यूपीसीडा